**कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण**

**तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग, 3 सीरी सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली-110016**

दिनांक 07.06.2025

<u>**परिपत्र**</u>

**विषय: एपीडा में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक पदों की भर्ती**

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, कृषि और प्रसंस्कृत उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम 1985 के अंतर्गत निर्मित स्वायत निकाय है जो प्रतिनियुक्ति आधार पर (अल्पकालिक अनुबंध सहित) महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित कर रही है।

2. पदों के लिए आवश्यक योग्यताएं और पात्रता मानदंड नीचे दिए गए हैं:-

| **पद का नाम** | **पद की संख्या और वेतन स्तर** | **पात्रता मानदंड** |
|---|---|---|
| महाप्रबंधक<br><br>उप महाप्रबंधक | 2<br>(वेतन स्तर– 12)<br>(78800-209200 रुपए)<br><br>3<br>(वेतन स्तर– 11)<br>(67700-208700 रुपए) | <u>**(क) महाप्रबंधक पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए:**</u><br>केंद्र सरकार या राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या स्वायत्त निकायों या वैधानिक संगठनों के अधिकारी-<br><br>(क) (i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना; या<br>(ii) वेतन स्तर- 11 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में पांच साल की सेवा के साथ; **और**<br>(ख) नीचे दिए गए उप-पैरा (ग) में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हों।<br><br>**(ख) उप महाप्रबंधक पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए:**<br><br>केंद्र सरकार या राज्य सरकार / केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या स्वायत्त निकायों या वैधानिक संगठनों के |

| | | |
|---|---|---|
| | | अधिकारीः-<br><br>(क) ( i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करना; या<br>(ii) वेतन स्तर - 10 में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदान की गई ग्रेड में पांच साल की सेवा के साथ; **और**<br>(ख) नीचे दिए गए उप-पैरा (ग) में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखते हों।<br><br>**(ग) महाप्रबंधक और उप महाप्रबंधक दोनों पदों के लिए अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव:**<br>अनिवार्य:<br>(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि/बागवानी/प्लांटेशन/कृषि अभियांत्रिकी/कृषि और सहकारिता/पशु चिकित्सा विज्ञान/डेयरी विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रसंस्करण/खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान/खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी/विदेशी व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/कृषि व्यवसाय प्रबंधन/बागवानी व्यवसाय प्रबंधन/कृषि \विपणन/बागवानी विपणन/कृषि विज्ञान/कृषि अर्थशास्त्र/कृषि विज्ञान या कृषि अर्थव्यवस्था/ वित्त/वित्तीय प्रबंधन/एमबीए (वित्त) में विशेषज्ञता के साथ कृषि में स्नातकोत्तर या आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंटेंसी पूर्ण की हो; **और**<br>(ii) उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में पांच वर्ष का अनुभव<br>वांछनीय: उपरोक्त क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोधपत्र प्रकाशित किए गए हो। |

**नोट 1:** फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं , प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति के आधार पर पद धारण करने वाला अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार के लिए पात्र नहीं होगा।
**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि दो वर्ष होगी जिसे वर्ष-दर-वर्ष आधार पर बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति की अधिकतम निरंतर अवधि पांच वर्ष होगी। केंद्र सरकार/राज्य सरकार/वैधानिक/स्वायत्त निकाय के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य पूर्व-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि आमतौर पर पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।
**नोट 3:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. अनुलग्नक-I के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आवेदन सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रतियों के साथ उचित माध्यम से सचिव, एपीडा, तीसरी मंजिल, एनसीयूआई बिल्डिंग, 3 सांस्थानिक क्षेत्र, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली 110016 को भेजा जाना चाहिए।

4. आवेदन अग्रेषित करते समय, पिछले पांच वर्षों की गोपनीय रिपोर्ट (सहायक निदेशक/अवर सचिव पद से नीचे के अधिकारी द्वारा सत्यापित प्रत्येक पृष्ठ के साथ सीआर/एपीएआर की फोटोकॉपी), कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और पिछले दस वर्षों के दौरान लगाए गए बड़े या छोटे दंड, यदि कोई हो, को दर्शाने वाला विवरण प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

5. चयनित अधिकारियों के पास अपना वेतन प्लस प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता प्राप्त करने या डीओपीटी ओ.एम. क्रमांक 2/12/87-स्था (वेतन II) दिनांक 29.04.1988, समय-समय पर यथासंशोधित के अनुसार पद के पैमाने/स्तर पर अपना वेतन निर्धारित करने का विकल्प होगा।

6. आवेदन करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी होने के 60 दिनों के भीतर है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन की स्थिति में उम्मीदवार को बाद में किसी भी आधार पर अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**<u>अनुबंध -1</u>**

**<u>एपीडा में महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक पद पर प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन प्रपत्र</u>**

**आवेदन किया हुआ पद: महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक**

(कृपया जिस पद के लिए आवेदन नहीं किया जा रहा है, उस पद को हटा दिया जाए।)

| | |
|---|---|
| 1. नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 2. पत्राचार के लिए आवासीय पता, यदि कोई हो | |
| 3. ईमेल पता | |
| 4. मोबाइल नंबर | |
| 5. जन्मतिथि (ईसाई युग में) | |
| 6. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि | |
| 7. वर्तमान में नियमित आधार पर पद, पद धारण करने की तिथि **और उसका वेतन स्तर**, संवर्ग और कार्यालय जहां वे कार्यरत हैं | |
| 8. शैक्षणिक योग्यता<br><u>शैक्षणिक योग्यता विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित योग्यता/अनुभव आवश्यक है</u> | <u>अधिकारी की योग्यता/अनुभव</u> |
| <u>अनिवार्यः</u><br>(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि/बागवानी/प्लांटेशन/कृषि अभियांत्रिकी/कृषि और सहकारिता/पशु चिकित्सा विज्ञान/डेयरी विज्ञान/डेयरी प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रसंस्करण/खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी/खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान/खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी/विदेशी व्यापार/अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार/कृषि व्यवसाय प्रबंधन/बागवानी व्यवसाय प्रबंधन/कृषि \विपणन/बागवानी विपणन/कृषि विज्ञान/कृषि अर्थशास्त्र/कृषि विज्ञान या कृषि अर्थव्यवस्था/ वित्त/वित्तीय प्रबंधन/एमबीए (वित्त) में विशेषज्ञता के साथ कृषि में स्नातकोत्तर या आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंटेंसी पूर्ण की हो; **और** | |
| (ii) उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद उपरोक्त क्षेत्रों में पांच वर्ष का अनुभव | |
| <u>(iii) वांछनीय:</u> उपरोक्त क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में शोधपत्र प्रकाशित किए गए हो। | |

| | |
|---|---|
| 9. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के अनुसार आप पद के लिए अपेक्षित आवश्यक योग्यता और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं। | हाँ/नहीं |
| **ध्यान दें:** उधार लेने वाले विभागों को आवेदन किए गए पद के संदर्भ में उम्मीदवार के पास मौजूद प्रासंगिक आवश्यक योग्यताओं/कार्य अनुभव (जैसा कि बायोडाटा में दर्शाया गया है) की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियाँ/विचार प्रदान करने होंगे। | |

10. रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| कार्यालय/संस्था | नियमित आधार पर धारित पद | से | तक | *नियमित आधार पर धारित पद का वेतन स्तर | कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) आवेदित पद के लिए आवश्यक अनुभव पर प्रकाश |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

***महत्वपूर्ण**: एसीपी/एमएसीपी के तहत दिए गए वेतन स्तर/पे बैंड **नियमित** आधार और ग्रेड पे अधिकारी के लिए व्यक्तिगत हैं और इसलिए , इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाना चाहिए। वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का विवरण जहां उम्मीदवार द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हैं, उन्हें नीचे दर्शाया जा सकता है;

| कार्यालय/संस्था | सीपी/एमएसीपी योजना के अंतर्गत आहरित वेतन स्तर | से | तक |
|---|---|---|---|
| 11. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी, साथ ही मूल संगठन/संवर्ग से संबंधित सेवा का विवरण | | | |

12. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं-

| क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख | ख) प्रतिनियुक्ति/ अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि | ग) मूल कार्यालय/ संगठन का नाम जिससे आवेदक संबंधित है। | घ) मूल संगठन में मूल क्षमता में धारित पद का नाम और वेतन |
|---|---|---|---|
| | | | |

**नोट 1**: यदि अधिकारी पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर हैं , तो ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल कैडर/ विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, सतर्कता क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किया जाएगा।

**नोट 2**: उपरोक्त कॉलम 12 (ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद संभाल रहा है लेकिन फिर भी अपने मूल कैडर/संगठन में ग्रहणाधिकार बनाए हुए है।

13. यदि आवेदक पूर्व में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर था, तो अंतिम प्रतिनियुक्ति से वापसी की तारीख और अन्य विवरण।

14. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरणः

कृपया बताएं कि आप किस के अंतर्गत कार्यरत हैं (प्रासंगिक कॉलम में अपने नियोक्ता का नाम इंगित करें)

क) केंद्र सरकार

ख) राज्य सरकार

ग) स्वायत्त संगठन

घ) सरकारी उपक्रम

ड़) विश्वविद्यालय

च) अन्य

15. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब से संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान भी बताएं

16. वर्तमान में प्रति माह प्राप्त की जाने वाली कुल परिलब्धियां

| मूल वेतन में वेतन स्तर | कुल परिलब्धियां |
|---|---|
| | |

17. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमानों का पालन नहीं कर रहा है, तो निम्नलिखित विवरण के लिए संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची संलग्न की जा सकती है।

| वेतनमान और वेतन वृद्धि दर के साथ मूल वेतन | महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि, (ब्रेक-अप विवरण के साथ) | कुल परिलब्धियां |
|---|---|---|
| | | |
| **18 क.** आवेदित पद के संदर्भ में , आपकी योग्यता को सिद्ध करने के संबंध में **अतिरिक्त विवरण**, यदि कोई हो। | | |

| | |
|---|---|
| अन्य विवरण के अतिरिक्त , निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान कर सकता हैः<br>(i) अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं<br>(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और<br>(iii) रिक्त परिपत्र/विज्ञापन निधारित कार्य अनुभव<br>**(नोट - यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से पृष्ठ संलग्न करें)** | |
| **18. ख. उपलब्धियां**:<br>उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में जानकारी दें;<br>(i) अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएँ<br>(ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>(iii) पेशेवर निकायों/संस्थानों/सोसाइटियों के साथ संबद्धता और;<br>(iv) स्वयं के नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>(v) आधिकारिक मान्यता से जुड़ा कोई शोध/अभिनव उपाय<br>(vi) कोई अन्य जानकारी।<br>**(नोट - यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग से पृष्ठ संलग्न करें)** | |
| 19. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित है | |
| 20. कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी, यदि कोई हो। | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मुझे अच्छी तरह से पता है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा समर्थित बायोडाटा में दी गई जानकारी का भी चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी तथ्य को दबाया/रोका नहीं गया है।

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

**दिनांक**

**नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्‌वारा प्रमाणीकरण**

आवेदक द्‌वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण अभिलेखों में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है। उसके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव है। चयनित होने पर उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

i) श्री/श्रीमती------------- के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) इनके सीआर डोजियर की मूल प्रति/विगत पांच वर्षों की एसीआर की फोटोकॉपी भारत सरकार के अवर सचिव या उससे उच्च रैंक के अधिकारी द्‌वारा विधिवत सत्यापित कर संलग्न है।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई छोटा/बडा जुर्माना या पिछले 10 वर्षों के दौरान छोटे/बडे दंडों की सूची (जैसा भी मामला हो) नहीं है।

प्रतिहस्ताक्षरित

-------------------------

(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी मुहर सहित)

*किसी भी भ्रांति की स्थिति में अंग्रेजी को वरीयता दी जाएगी।